सत्यमेव जयते

रवि शर्मा,
R.J.S.

निदेशक अभियोजन,
राजस्थान सरकार, जयपुर

अशा. पत्र क्रमांक : प.14(41)गृह–10/2025
जयपुर, दिनांक : 25 सितम्बर, 2025

प्रिय अभियोजन अधिकारीगण,

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में आपराधिक न्याय प्रशासन के पाँचों स्तम्भ पुलिस, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अभियोजन, न्यायालय एवं कारागार के मध्य डेटा का आदान–प्रदान किया जाकर, त्वरित न्याय हेतु Inter-operable Criminal Justice System (ICJS) की स्थापना की गई थी। इसी क्रम में CCTNS पर e-courts, e-prosecution, e-prisons, e-forensics की शुरूआत की गई थी।

राज्य में सभी अभियोजन अधिकारी e-prosecution पर कार्य कर रहे है, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2023 में ICJS में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य के अभियोजन विभाग को केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय से देश में प्रथम पुरस्कार मिला। वर्ष 2024 हेतु उक्त कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया है।

SKOCH, जो देश की प्रतिष्ठित संस्था है, देश में सामाजिक, आर्थिक विकास के रूप में डिजिटल, वित्तीय, सामाजिक समावेश के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं/व्यक्तियों को पुरस्कृत करती है। SKOCH ग्रुप एक स्वतंत्र निकाय है, जो विजेताओं का चयन, सरकार के सादृश्य, कठोर मूल्यांकन के आधार पर करती है। उक्त संस्था ने e-prosecution के क्षेत्र में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य हेतु अभियोजन विभाग, राजस्थान को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। इस संस्था ने वर्ष 2024 में भी अभियोजन विभाग, राजस्थान को प्रथम स्थान से सम्मानित किया हैं।

आप सभी द्वारा e-prosecution के क्षेत्र में लगनपूर्वक उत्कृष्ट कार्य किए जाने के फलस्वरूप अधोहस्ताक्षरकर्ता को उक्त पुरस्कार प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। e-prosecution के क्षेत्र में आप सभी द्वारा किए गए कार्य के लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र है जिसके लिए मैं आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ। मैं यह भी आशा करता हूँ कि आप भविष्य में इससे भी कहीं बेहतर कार्य करके विभाग व राजस्थान सरकार का नाम रोशन करेंगें।

शुभेच्छु
25/09/25
(रवि शर्मा)

Ravi Sharma
Director Prosecution
Rajasthan, Jaipur

समस्त अभियोजन अधिकारीगण,
राजस्थान।

E-mail :- prosecution@rajasthan.gov.in
Office Add. :- Room No. 7226, Second Floor, Food Building, Secretariat